RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 107 • 29:04:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

## ओडिशा में नहीं है एकतरफा चुनाव अबकी फंसी बीजेडी

● पांडियन को घेर सीएम पटनायक को चुनौती दे रही भाजपा



**सम्बलपुर (एजेंसी)।** ओडिशा में पिछले लगभग ढाई दशक से निर्बाध राज कर रहे बीजद नेता मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को इस चुनाव में पहली बार कड़ी चुनौती मिल रही है। भाजपा द्वारा उठाए गए ओडिशा अस्मिता के मुद्दे की यहां पर खासी चर्चा है और लोग नवीन पटनायक के आसपास के लोगों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा को राज्य में अपनी जड़ें जमाने का मौका मिल गया है और पहले ही दूसरे नंबर की पार्टी बन चुकी भाजपा अब सत्ता के लिए भी दम ठोक रही है। यही कारण है कि राज्य में एक साथ हो रहे लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बीजद के चुनाव चिह्न शंख और पद्म (कमल को उड़िया में पद्म कहा जाता है) में जोरदार जोर आजमाइश है।

## सेक्स स्कैंडल में फंसे पूर्व पीएम देवगौड़ा के पोते प्रज्वल

● कई अश्लील वीडियोज एक साथ हुए वायरल, भाग गए विदेश



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के बीच कर्नाटक की राजनीति में भूचाल आ गया है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और हसन लोकसभा सीट से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना कथित सेक्स स्कैंडल में फंस गए हैं। कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इस बीच, प्रज्वल ने देश छोड़ दिया है और वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट चले गए हैं। 26 अप्रैल को हुए कर्नाटक के पहले फेज के मतदान से दो दिन पहले ही सोशल मीडिया पर कई वीडियोज वायरल हुए। वहीं, हासन सांसद ने भी एफआईआर दर्ज करवाते हुए कहा है कि वीडियोज में छेड़छाड़ की गई है और उनकी छवि खराब करने और वोटर्स के दिमाग में जहर भरने के लिए उसे प्रसारित किया जा रहा है।

## राजस्थान-गुजरात में पकड़ाई अत्याधुनिक ड्रग्स लैब

● करीब 300 करोड़ रुपए की मेफेड्रोन ड्रग हुई बरामद

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात एटीएस (आतंकवाद निरोधी दस्ते) और एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) ने गांधीनगर और पड़ोसी राज्य राजस्थान में एक साथ चार जगहों पर संयुक्त रूप से छापा मारा और



करीब 300 करोड़ रुपए के मेफेड्रोन (एक तरह का मादक पदार्थ) के साथ 13 लोगों को पकड़ा है। यह छापे शुक्रवार को मारे गए थे, जिनकी जानकारी शनिवार को दी गई। इस दौरान दोनों राज्यों में 3 अति आधुनिक मेफेड्रोन मैन्युफैक्चरिंग लैब्स भी मिलीं। इन छापों को लेकर एक विज्ञप्ति जारी करते हुए एटीएस ने बताया कि, एनानी और राजपुरोहित के साथ-साथ उनके सहयोगियों की गतिविधियों पर नजर रखी गई।

राहुल को शहजादा बता पीएम बोले-राजाओं को गालियां देते हो और सुल्तानों पर बोलती बंद

# हुबली में जो हुआ उसने देश में ‘भूचाल’ ला दिया है

**बेलगावी (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेलगावी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ‘राजा-महाराजा’ वाले बयान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, शहजादे का कहना है कि भारत के राजा, भारत के महाराजा अत्याचारी थे। ये गरीबों की

● **पीएम बोले-उस बेटी का परिवार ऐक्शन की मांग करता रहा कांग्रेस तुष्टिकरण में व्यस्त रही**

जमीन छीन लेते थे। जब मर्जी तब उसे हड़प लेते थे। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति जी महाराज और रानी चिनम्मा जैसे महान व्यक्तित्व का अपमान किया है। इनका सुशासन, इनकी देशभक्ति आज भी हम सबको प्रेरित करती है। क्या शहजादे को यह पता है। पीएम मोदी ने सवाल किया कि क्या शहजादे को मैसूर राजघराने का योगदान पता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे का बयान सोच-समझकर वोट बैंक की राजनीति करने के लिए दिया गया। उन्होंने कहा, शहजादे ने तो राजा-महाराजा को बुरा-भला कह दिया। लेकिन भारत के इतिहास में जो अत्याचार नवाबों ने किए, निजामों ने किए, सुल्तानों ने किए... उनकी बात पर तो शहजादे के मुंह पर



ताला लग जाता है। बता दें कि राहुल गांधी ने कहा था, राजाओं-महाराजाओं का राज रहा। जो भी वो चाहते, कर देते थे। किसी की जमीन चाहिए तो उसे हड़प लेते थे।

कांग्रेस पार्टी और हमारे कार्यकर्ताओं ने देश की जनता के साथ मिलकर आजादी प्राप्त की, लोकतंत्र लेकर आए और संविधान दिलवाया। नरेंद्र मोदी ने गुस्से भरे लहजे में कहा कि राजा-महाराजाओं को गालियां दे रहे हो, उनको अपमानित करते हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की मानसिकता अब खुलकर देश के सामने आ रही है।

उन्होंने कहा, हुबली में कॉलेज कैंपस में जो हुआ उसने देश में भूचाल ला दिया है, उस बेटी का परिवार ऐक्शन की मांग करता रहा लेकिन कांग्रेस की सरकार तुष्टीकरण के दबाव को ही प्राथमिकता देती है। उनके लिए नेहा जैसी बेटियों की जिंदगी की कीमत नहीं है, उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है। बेंगलुरु के कैफे में बम धमाका हुआ तो भी गंभीरता नहीं आई, उन्होंने यहां तक कह दिया कि गैस का सिलेंडर फटा होगा।

## अबकी बार 400 पार के नारे को प्रियंका गांधी ने दिया नया ट्विस्ट

महाराष्ट्र के लातूर की रैली में बीजेपी पर हमलावर रहीं कांग्रेस नेता

**लातूर (एजेंसी)।** भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘अबकी बार 400 पार’ के नारे को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्विस्ट दे दिया। उन्होंने कहा कि लोगों ने मौजूदा सरकार की नाटकीयता को देखा है और उन्हें अपना नया मंत्र दिया है- अबकी बार आप की सरकार, अबकी बार जनता की सरकार। महाराष्ट्र में लातूर जिले के उदगीर में कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में उन्होंने चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान प्रियंका ने दावा किया कि 45 वर्षों में बेरोजगारी अपने चरम पर है और 70 करोड़ लोगों के पास नौकरियां नहीं हैं, जबकि केंद्र में



30 लाख पद खाली पड़े हैं, जो पिछले 10 साल में नहीं भरे गए। उन्होंने कहा, ‘अगर भाजपा दावा करती है कि पिछले 70 वर्षों में कुछ नहीं हुआ तो हम मान लेते हैं आईआईटी, एम्स, बड़े उद्योग आदि अब स्थापित किए गए हैं।

### प्रधानमंत्री पद की गरिमा निम्न स्तर पर लाए

पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस लोगों के गहने और छोटी-छोटी बचत को उनकी संपत्ति की जांच कर जब्त करना चाहती है। प्रियंका ने रैली में कहा कि देश ने कांग्रेस से महान प्रधानमंत्रियों को देखा है, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे अन्य दलों के प्रधानमंत्री को भी देखा है लेकिन उन्होंने (मोदी ने) प्रधानमंत्री पद की गरिमा को इस निम्न स्तर पर ला दिया। उन्होंने दावा किया, ‘पिछले 10 वर्षों में किए गए काम को लेकर वह वोट नहीं मांग रहे हैं।

## आरक्षण का समर्थक है आरएसएस, झूठे वीडियो फैलाते हैं लोग

● लोकसभा चुनाव के बीच संघ प्रमुख मोहन भागवत की दो टूक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लोकसभा चुनावों के बीच आरक्षण पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि संघ परिवार ने कुछ समूहों को आरक्षण देने का कभी विरोध नहीं किया है।



हैदराबाद में एक शैक्षणिक संस्थान में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। भागवत ने कहा कि संघ का मानना है कि आरक्षण तब तक दिया जाना चाहिए जब तक कि इसकी जरूरत है। आरक्षण को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच छिड़े वाकयुद्ध के बाद भागवत ने यह टिप्पणी की है। मोहन भागवत ने कहा कि आरक्षण और संघ को लेकर फेक वीडियो फैलाया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि इस बारे में हम बाहर नहीं बोल सकते हैं। यह सब पूरी तरह से झूठ है। आरएसएस प्रमुख भागवत ने पिछले साल नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है तब तक आरक्षण दिया जाना चाहिए।

# चुनाव के बीच दिल्ली में अरविंदर लवली ने फोड़ा ‘इस्तीफा’ बम

एएपी-कांग्रेस दोनों की बढ़ी टेंशन, बीजेपी की होगी बल्ले-बल्ले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली कांग्रेस के कैप्टन ने रिजाइन कर दिया है। लोकसभा चुनाव जैसे बड़े मैच से पहले कैप्टन के रिजाइन से पार्टी सकते में हैं। खबर है कैप्टन साहब टीम में अपनी अनदेखी से नाराज से थे। इसके साथ ही उन्होंने आम आदमी पार्टी से गठबंधन के आलाकमान के निर्णय पर भी सवाल उठाए हैं। खास बात है कि इस इस्तीफे से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन में टेंशन बढ़ गई है। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन को लेकर गतिरोध भी सामने आ गया है। अब सवाल है कि चुनाव से ठीक कुछ दिन पहले यह कलेश पार्टी को कितना नुकसान पहुंचाएगा। बीजेपी से मुकाबला करने के लिए काफी लंबी जद्दोजहद के बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच तालमेल हुआ था। इस तालमेल से पहले कांग्रेस में लंबी चर्चा चली थी। कांग्रेस का एक धड़ा शुरू से ही आम आदमी पार्टी से गठबंधन किए जाने के विरोध में था। गठबंधन का विरोध करने वालों में अरविंद सिंह लवली के साथ ही दिल्ली के पूर्व सीएम शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित जैसे नेता भी थे। पार्टी में एक



● **आप के साथ गठबंधन को लेकर घेरा, आलाकमान से भी जताई नाराजगी**

धड़े का मानना था कि आम आदमी पार्टी से गठबंधन करके कांग्रेस अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मार रही है। पार्टी के नेताओं का कहना था कि एएपी ने ही दिल्ली में कांग्रेस के जनाधार को कम किया है। ऐसे में पार्टी उसी दल के साथ समझौता कर अपने वोटरों की नाराजगी मोल ले रही है। हालांकि, पार्टी आलाकमान ने स्थानीय स्तर के नेताओं की राय को दरकिनार करते हुए राष्ट्रीय स्तर का हवाला देते हुए तालमेल किया था। समझौते के तहत पार्टी ने दिल्ली की 7 में 3 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया था। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस आलाकमान ने भले ही आम आदमी पार्टी के साथ हाथ मिला लिया है लेकिन जमीनी स्तर के कार्यकर्ता इस फैसले को पचा नहीं पा रहे हैं। अब चूंकि प्रदेश अध्यक्ष ने खुद ही इस गठबंधन पर सवाल उठाते हुए इस्तीफा दे दिया है।

## जीत का ‘छक्का’ लगाने चुनावी पिच पर उतरे अधीर!

● बंगाल में ‘दादा’ का है बड़ा क्रेज, लोग बुलाते हैं-रॉबिनहुड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 में बंगाल की बहरामपुर सीट पर इस बार काफी रोचक मुकाबला है। यहां विपक्षी गठबंधन में ही कांटे का मुकाबला है। एक तरह ‘दादा’ निकनेम से प्रसिद्ध कांग्रेस नेता और बहरामपुर के सिटिंग



सांसद अधीर रंजन चौधरी हैं, जो कई बार सदन में बोलते हुए अपना धीरज खोते नजर आए, लेकिन बंगाल की बेहद कठिन राजनीतिक लड़ाई में उन्होंने कभी अपना धैर्य नहीं खोया। वो यहां से पांच बार सांसद रह चुके हैं। इस बार उनके खिलाफ टीएमसी प्रत्याशी यूसुफ पठान मैदान में हैं। बहरामपुर क्षेत्र में बेताज बादशाह कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ही हैं। यहां से वह पांच चुनाव जीत चुके हैं। गरीबों के मसीहा और रॉबिनहुड के नाम से जाने जाते हैं।

होंगे कामयाब

# एनएसजी से लेकर नेवी कमांडो तक अब होंगे और ताकतवर!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जर्मनी ने भारत के लिए हथियारों की बिक्री से प्रतिबंध हटा लिया है। जर्मनी ने कहा है कि वह भारत को अपवाद के तौर पर मानते हुए छोटे हथियारों की बिक्री पर से प्रतिबंध हटा रहा है। यूरोपीय देश का ये कदम भारत के साथ उसके बढ़ते रणनीतिक और सैन्य संबंधों को दर्शाता है। इससे पहले जर्मनी का अपना एक नियम था। उसने गैर-नाटो देशों को छोटे हथियारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया था। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों के हवाले से लिखा है कि जर्मनी से छूट मिलने के बाद भारत अब अपनी सेना और राज्य पुलिस बलों के लिए छोटे हथियारों को खरीद सकता है। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, जर्मनी ने इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) को उसकी एमपी 5 सबमशीन गन के लिए स्पेयर पार्ट्स और अन्य उपकरण खरीदने की अनुमति दी है। बता दें कि हेकलर एंड कोच एमपी5 एक सबमशीन गन है जिसे 1960 के दशक में जर्मन हथियार निर्माता हेकलर एंड कोच द्वारा बनाया गया था। खास बात ये है कि यही सबमशीन गन है जो समुद्री कमांडो द्वारा इस्तेमाल की जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, जर्मनी ने अपने निर्यात लाइसेंसिंग नियमों में भी काफी ढील दी है। इसके चलते पिछले महीने कई भारतीय ऑर्डर को मंजूरी दी गई है। इससे पहले भी, छोटे हथियारों को छोड़कर, 95 प्रतिशत भारतीय खरीद सौदों को मंजूरी दे दी जाती थी, लेकिन प्रक्रिया में समय लगता था, जिससे जर्मनी को इस प्रक्रिया को आसान बनाना पड़ा। भारत और जर्मनी के बीच रक्षा सहयोग बढ़ रहा है।

● **जर्मनी ने हटाया प्रतिबंध, अब आसानी से हथियार मंगा सकेगा भारत**

## एएपी के ‘जेल का जवाब वोट से’ गाने पर लगा ब्रेक

ईसी का आदेश-कैंपेन सॉन्ग बदलें, इससे न्यायपालिका की छवि खराब हो रही



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने अपने पत्र के माध्यम से आम आदमी पार्टी (आप) के कैंपेन सॉन्ग जेल का जवाब वोट से देंगे पर रोक लगा दी है। रविवार को केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि यह पहली बार हुआ होगा कि किसी राजनीतिक पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर चुनाव आयोग ने रोक लगाई है। हमारे कैंपेन सॉन्ग में कहीं पर भी आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है। चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी को केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 और ईसीआई दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित विज्ञापन कोड के अनुसार अपने चुनाव कैंपेन गीत की सामग्री को संशोधित करने और संशोधन के बाद फिर से सर्टिफिकेशन के लिए सबमिट करने के लिए कहा है। इस पर आम आदमी पार्टी ने कहा कि बीजेपी की तरफ से चुनावी आचार संहिता की रोज धज्जियां उड़ाई जा रही है लेकिन, चुनाव आयोग उस पर कुछ नहीं करता। ईडी सीबीआई का उपयोग करके विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जाता है तो उस पर चुनाव आयोग को कोई आपत्ति नहीं होती है लेकिन, जब आम आदमी पार्टी इस तथ्य को गाने में लिख देती है तो उससे दिक्कत होती है।

# कश्मीर में मिठाई की दुकान पर अंधाधुंध गोलीबारी

पोस्ट कर कहा-अगली गोली सिर्फ हवा में नहीं चलेगी



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के मीरान साहिब इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने मिठाई की दुकान पर अचानक गोलीबारी कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना शनिवार शाम को हुई। कुछ अज्ञात लोग इलाके में पहुंचे और दुकान पर गोलियां चलाने लगे। इसके बाद अब्बू जट नाम के सोशल मीडिया हैंडल से इस हमले की जिम्मेदारी ली गई। पोस्ट में कहा गया, आज जो कुछ भी हुआ, हम उसकी जिम्मेदारी लेते हैं। मीरासाहिब खजुरिया में मिठाई की दुकान के बाहर गोलियां चलाईं। अगर हमारी बातों पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह और भी बदतर हो सकता है। हम यहां पर हैं मगर हमारे भाई अभी भी वहां हैं। इसलिए गलती मत कीजिए और मान लीजिए। हमने नया मोड़ ले लिया है और शांति के प्रयास में हैं। अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो अगली गोली हवा में नहीं चलेगी। इससे पहले, बिहार के बांका जिले के रहने वाले राजा शाह की अनंतनाग जिले के जबलीपोरा में आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने कहा, शेष खतरों को खत्म करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियानों को बढ़ाएं और आतंकवादियों के सहयोगियों और राष्ट्र-विरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। बैठक में जम्मू-कश्मीर पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल और अन्य एजेंसियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### कनकपुर पंचायत में आग लगने से 4 जलावन घर राख



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के ठाकुरगंज प्रखंड में आग लगने का मामला सामने आया है। घटना कनकपुर पंचायत के माल बस्ती गांव की बताई जा रही है। जहां पर आग लगने से 4 जलावन का घर जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन जब बात नहीं बनी तो कुर्लिकोट थाना को सूचना दी गई। इसके बाद दमकल की टीम ने दो गाड़ी की मदद से आग को बुझाया। आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल सका है। हालांकि लोगों का कहना है कि आग जान बूझ कर लगाई गई थी। गांव के लोग अगर समय पर नहीं जागते तो आग से बड़ी घटना भी हो सकती थी। वहीं पीड़ितों ने बताया कि घटना में 50 हजार से अधिक का नुकसान हुआ है।

### आरपीएफ कमांडेंट ने विभिन्न स्टेशनों की सुरक्षा का निरीक्षण किया

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** सोनपुर डिवीजन के नवनियुक्त रेलवे सुरक्षा कमांडेंट अमिताभ ने बरौनी के सहायक अमेंडमेंट के साथ बिहपुर नवगछिया सहित अन्य स्टेशनों का निरीक्षण कर बिहपुर एवं नवगछिया के आरपीएफ इंस्पेक्टर को आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ रेलवे से जुड़े कई मामलों को लेकर सहायक कमांडेंट से जानकारी ली। नवगछिया आरपीएफ पोस्ट पर भी समीक्षा की। अधिकारियों ने उन्हें कई तरह की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान रेल सुरक्षा के साथ-साथ यात्री सुरक्षा का प्रमुख ध्यान रखना था। साथ ही यहां पर रेल की सुरक्षा हेतु नियुक्त अधिकारी और सुरक्षा बल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिस तरह से पिछले दिनों कुछ पत्थरबाजी की घटनाएं हुई है उन सब चीजों पर भी हम लोगों ने समीक्षा की। इस दौरान आरपीएफ के पदाधिकारी मौजूद थे।

### मारपीट में मां, पुत्र-पुत्री समेत चार घायल

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** घोघा थाना क्षेत्र के पक्कीसराय गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल हुई मुनिदेव सिंह की पत्नी गायत्री देवी, पुत्री छोटी कुमारी, पुत्र धर्मेंद्र कुमार का उपचार अनुमंडल अस्पताल में कराया गया है। इसके अलावा मारपीट में घायल हुए पक्कीसराय गांव के सुशील तांती का उपचार अनुमंडल अस्पताल में कराया गया है। कहलगांव थाना क्षेत्र के सदानंदपुर वैसा गांव में ससुर ने ही मारपीट कर पुत्रवधु को घायल कर दिया है। घायल शत्रुघन दास की पत्नी बुधनी देवी का उपचार अनुमंडल अस्पताल में कराया गया है।

### पानी की समस्या से जूझ रहे मनिहारी गांव के लोग

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** बाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत धांधी-बेलारी पंचायत के मनिहारी गांव के लोगों को पीने के पानी के लिए भी परेशानी उठानी पड़ती है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गांव में शुक्रवार को रोड को लेकर वोट बहिष्कार करने वाले ग्रामीणों द्वारा बताया गया था कि सड़क विहीन इस गांव में संचालित नल-जल योजना से सभी को पर्याप्त पानी आज तक नहीं मिला। मतदान केंद्र के समीप अवस्थित पंपगृह व जलमीनार से जुड़े उपभोक्ताओं को आवश्यकतानुसार पानी नहीं मिलने की शिकायत पंचायत प्रतिनिधि एवं अधिकारी से भी की गयी लेकिन समाधान नहीं हो सका। इधर मतदान बहिष्कार के दूसरे दिन गांव में सामान्य स्थिति बनी रही। लोग खेतीबाड़ी समेटने एवं मजदूरी करने में व्यस्त दिखे। लेकिन पहले की तरह गांव में लोगों के बीच चहल-पहल नजर नहीं आई। लोग अब खुलकर कुछ नहीं बोल रहे हैं। प्रशासन की कार्रवाई से लोग आक्रोशित हैं। इधर जानकारों की मानें तो मतदान केंद्र संख्या 192 पर वोट बहिष्कार का निर्णय मनिहारी गांव के मतदाता ने एकाएक गुरुवार की रात ही ले लिया था तथा अपने निर्णय पर अडिग रहे। इस मतदान केंद्र पर जो सात मत गिरा वह बगल गांव कष्टिकरी के मतदाता थे। मतदान बहिष्कार की सूचना पर आए ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुमार एवं कनीय अभियंता देवेश कुमार ने बताया कि सर्वे कर विभाग को समर्पित कर दिया गया है।

# भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडेय की संदिग्ध हालत में मौत, बेड पर मिला शव

## वॉट्सऐप पर स्टेटस लगाया-अपनी नाव डूबा के उसका सफर आसान कर दिया



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में भोजपुरी अभिनेत्री अन्नपूर्णा उर्फ अमृता पांडेय की शनिवार की शाम संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। घटना की जानकारी होने पर जोगसर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। घटना जोगसर थाना क्षेत्र के आदमपुर जहाज घाट स्थित दिव्यधर्म अपार्टमेंट की है। पुलिस ने घटनास्थल की स्नरूटीम से जांच कराई है। मौके से गले में लगा साड़ी का फंदा, मोबाइल समेत अन्य सामान जब्त किया है।

### हाल ही में रिलीज हुई थी वेब सीरीज

परिजनों का कहना है कि उसने भोजपुरी और हिंदी समेत कई फिल्मों, सीरियल, वेब सीरीज और विज्ञापन में भी काम कर चुकी है। हाल ही में अमृता की हॉरर वेब सीरीज %प्रतिशोध% का पहला भाग रिलीज हुआ है। इसको लेकर वह काफी उत्साहित थी। मौत से पहले अभिनेत्री अमृता पांडेय ने अपने वॉट्सऐप स्टेटस पर लिखा था- दो नाव पर सवार थी, उसकी जिंदगी, हमने अपनी नाव डूबा के उसका सफर आसान कर दिया।

### बेड पर पड़ा मिला शव

इधर, जोगसर पुलिस ने बताया कि शाम को सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद अपार्टमेंट में पहुंचे। यहां अमृता का शव एक बेड पर पड़ा था। पुलिस ने जब जानकारी ली तो परिवार वालों ने बताया कि करीब 3.30 बजे उसकी बहन अमृता के कमरे में गई। वहां वह फंदे से लटकी हुई थी। आनन-फानन में उसके फंदे को चाकू से काटकर तत्काल परिवार वाले निजी अस्पताल ले गए, लेकिन वहां उसे मृत बता दिया गया। इसके बाद परिजन उसे वापस फ्लैट लेकर आ गए।

### 18 अप्रैल को बहन की थी शादी

परिजनों ने बताया कि 18 अप्रैल को अमृता की बहन वीणा की शादी थी। वहीं, शुक्रवार की रात उन लोगों ने काफी मस्ती की थी। फिर से अचानक क्या हुआ। किसी को समझ नहीं आ रहा। उन लोगों ने बताया कि अमृता की शादी 2022 में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर निवासी चंद्रमणि झांगड़ के साथ हुई थी। वो मुंबई में ऐनिमेशन इंजीनियर हैं। अब तक उन लोगों के बच्चे नहीं हैं।

### करियर को लेकर काफी परेशान रहती थी अमृता

बहन के मुताबिक, अमृता करियर को लेकर काफी परेशान रहती थी। वह डिप्रेशन में चल रही थी। वह अपना इलाज भी करा रही थी। थानेदार कृष्ण नंदन सिंह ने बताया कि मामले की हर पॉइंट पर जांच होगी। परिजनों ने बताया कि घर में कुछ दिनों पूर्व अमृता की बहन वीणा की शादी थी। शुक्रवार की रात उन लोगों ने काफी मस्ती की थी। फिर से अचानक क्या हुआ। किसी को समझ नहीं आ रहा। उन लोगों ने बताया कि अमृता की शादी 2022 में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर निवासी चंद्रमणि झांगड़ के साथ हुई थी। वे मुंबई में एनिमेशन इंजीनियर हैं। अबतक उन लोगों को बच्चे नहीं हैं। बहन के मुताबिक अमृता कॅरियर को लेकर काफी परेशान रहती थी। वह काफी डिप्रेशन में थी। इस वजह से वह इलाज भी करा रही थी। परिवारवालों के मुताबिक अमृता भोजपुरी फिल्मों के अलावा कुछ वेब सीरीज में भी एक्टर के रोल में रही थी। उसने कई सीरियल समेत अन्य फिल्मों में भी रोल किया था। हाल ही में अमृता की हॉरर वेब सीरिज प्रतिशोध का पहला भाग रीलिज हुआ है। इसे लेकर वह काफी उत्साहित भी थी। थानेदार ने बताया कि मामले की हर बिंदु पर जांच होगी।



# सास को हुआ दामाद से प्यार ससुर ने करवाई शादी

**बांका, एजेंसी।** बांका में एक सास को अपने ही दामाद से प्यार हो गया। ससुर को जब इस अफेयर का पता चला तो उन्होंने दोनों की शादी करवाने का फैसला किया। सास और दामाद में करीब एक साल से अफेयर चल रहा था। एक साल पहले ही उसकी बेटी की मौत हुई थी। मामला सदर थाना क्षेत्र के छत्रपाल पंचायत का है। जहां हीर मोती गांव निवासी दिलेश्वर दर्वे (ससुर) ने अपनी पत्नी गीता देवी (55) की शादी अपने दामाद सिकंदर यादव (40) से करवाई। इसके बाद दोनों ने कोर्ट में शादी को लेकर शपथ पत्र भी दिया है।

दिलेश्वर दर्वे ने बताया कि शुक्रवार को दामाद सिकंदर यादव मेरी पत्नी गीता से मिलने ससुराल आया। इस दौरान दोनों के अफेयर को लेकर मुझे संदेह हुआ, इसलिए मैंने दोनों की शादी करवा दी। बता दें कि गीता देवी की बेटी की शादी सिकंदर यादव से 20 साल पहले हुई थी। उनके दो बच्चे भी हैं।

### कोर्ट में भी शादी को किया मंजूर

सास-दामाद के अफेयर का लोगों को भी पचा चला तो भीड़ जुट गई। इसके बाद जब लोगों ने दामाद से पूछा तो उसने अपनी सास से अफेयर होने की बात बताई। इस पर लोगों ने कहा कि दोनों की शादी करा देनी चाहिए तो शनिवार को पहले गांव में शादी कराई गई। फिर बांका कोर्ट में जाकर दोनों ने कोर्ट मैरिज भी कर ली। दामाद कटोरिया थाना क्षेत्र के धोवनी गांव का निवासी है। वहीं पहला पत्नी से उसको एक लड़का और एक लड़की भी है। कोर्ट में दोनों की शादी कराने वाले वकील संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि शनिवार को दोनों सास और दामाद शादी करने के लिए आए थे। शपथ पत्र देकर दोनों ने आपस में शादी को मंजूर किया है। उम्मीद है दोनों लोग अपने आगे के जीवन में खुशी से रहेंगे।

# कहलगांव- एनएच 80 के अतिक्रमण से रुक-रुककर लगता रहा जाम

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** कहलगांव शहर के गणपत सिंह हाई स्कूल से लेकर शारदा पाठशाला हाई स्कूल के मैदान तक प्रशासनिक उदासीनता के कारण एनएच-80 के अतिक्रमण करने के कारण जाम लगना नियति बन गई है। शनिवार को स्टेशन चौक और गांगुली पार्क चौक पर रुक-रुककर जाम का सिलसिला जारी रहा। जाम की वजह से स्कूली बच्चों समेत आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में एनएच के किनारे फुटकर दुकानों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। खुलेआम



दुकानें एनएच-80 पर लगाई जा रही हैं। राहगीरों को चलना मुश्किल हो गया है। फुटपाथों को तो पूरी तरह अतिक्रमित कर दिया गया है। फुटपाथ के आगे एनएच-80 पर दुकानें लगाई जा रही हैं। दोनों ओर से बड़े वाहनों के परिचालन के साथ ही जाम लगना शुरू हो जाता है। अतिक्रमण से जाम की समस्या से लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ समय भी बर्बाद करना पड़ रहा है। एंबुलेंस के साथ-साथ स्कूल वाहन भी जाम में घंटों फंस जाते हैं। शनिवार को साप्ताहिक हाट होने से कहलगांव बाराहाट रोड में भी जाम का नजारा रहा। अनुमंडल अस्पताल, व्यवहार न्यायालय, रजिस्ट्री ऑफिस प्रखंड कार्यालय, एनटीपीसी एवं बाराहाट आदि जाने वालों को घंटों जाम से जूझना पड़ा। हाट के भीतर दुकान नहीं सजाकर ज्यादातर दुकानें रोड पर लगाये जाने से भीषण जाम लग जाता है। हाट के दिन बड़े वाहनों का हाट रोड में प्रवेश वर्जित रहता है लेकिन ट्रांसपोर्ट की गाड़ी एवं भारी वाहनों के प्रवेश से जाम की समस्या उत्पन्न हो जा रही है।

# दो चरणों में सुस्त वोटिंग से टेंशन में सीईओ, बिहार में वोटर्स को बूथ तक लाने की कवायद, डीएम-एसपी को दिए निर्देश

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) एचआर श्रीनिवास ने जिलों के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने का निर्देश दिया। पहले व दूसरे चरण के 9 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में मतदान के दौरान पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में कम वोटर टर्नआउट पर उन्होंने चिंता जतायी और आगे चरणों में होने वाले मतदान को लेकर मतदाताओं के लिए बूथों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने, उन्हें बूथ तक लाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार इंतजाम करने को कहा। श्रीनिवास ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीसरे से सातवें चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों में चुनाव तैयारी की समीक्षा की। करीब दो घंटे तक चली बैठक में उन्होंने चुनाव क्षेत्रों में प्रेक्षकों की तैनाती, विभिन्न कोषांगों के कार्यो, मतदानकर्मियों के प्रशिक्षण, मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना इत्यादि की तैयारियों की समीक्षा की। वोट बहिष्कार वाले इलाकों की समस्या को दूर करें बैठक में बिहार के सीईओ एचआर श्रीनिवास ने जिलाधिकारियों को कहा कि मतदान बहिष्कार की सूचनाएं जिलों में उन्हें पहले मिलती होगी। इनसे जुड़े लोगों की समस्याओं को समझ कर, उसका निदान करें और मतदाताओं को मतदान में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश



दिया कि वे मतदान के बाद सुरक्षा बलों की दूसरे जिलों में रवानगी के लिए समयबद्ध होकर कार्य करें ताकि अगले चरण में होने वाले चुनाव की तैयारी पहले हो सके। बैठक में ये रहे मौजूद बैठक में स्टेट नोडल पुलिस ऑफिसर (एसपीएनओ) सह एडीजी, मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार, अर्धसैनिक बलों की तैनाती के लिए स्टेट नोडल ऑफिसर सह एसएसबी के आईजी सुशील खोपड़े भी मौजूद थे। उनके साथ ही, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आलोक कुमार घोष एवं आनंद शर्मा, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी सहित सभी सभी जिलों के डीएम-एसपी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल थे।

# समस्तीपुर में सिपाही के गर्दन पर ब्लेड से हमला, हमलावर गिरफ्तार



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक बदमाश ने सिपाही के गर्दन पर ब्लेड से हमला कर दिया। इस हमले में ऑन ड्यूटी सिपाही अरुण कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। गंभीर हालत में उनको सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, हमले के बाद भाग रहे नाबालिग को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और जमकर उसकी पिटाई कर दी। फिलहाल GRP आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### जख्मी सिपाही ने लोगों की मदद से आरोपी को पकड़ा

जख्मी सिपाही अरुण कुमार ने बताया कि वह प्लेटफार्म नंबर एक पर अपनी ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस आकर रुकी थी। वह सीढी से नीचे की ओर आ रहे थे।

तभी पीछे से नाबालिग ने ब्लेड से हमला कर दिया। जख्मी होने के बावजूद सिपाही ने मौके पर मौजूद लोगों की मदद से आरोपी को बंगाली टोला रोड से पकड़ लिया। वहीं, जख्मी सिपाही को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### डंडे से मारकर मेरा हाथ तोड़ दिया, इसलिए किया हमला- आरोपी

आरोपी राजेश कुमार ने बताया कि अरुण कुमार ने डंडे से मारकर मेरा हाथ तोड़ दिया। इसके बाद मैंने उन पर ब्लेड से हमला कर दिया। हमला कंधे पर किया था, लेकिन वो झुक गए और इस कारण ब्लेड उनके गर्दन पर जा लगी।

### क्या बोले रेल थानाध्यक्ष

समस्तीपुर रेल थाना अध्यक्ष बीपी आलोक ने बताया कि सिपाही अरुण कुमार पर हमला करने के बाद भाग रहे युवक को पकड़ लिया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

# स्कूल आने से पहले सुबह 8 बजे तक गली-गली घूमेंगे प्रधानाध्यापक और शिक्षक



**पटना, एजेंसी।** शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के हेडमास्टर और शिक्षकों के लिए नया फरमान जारी किया है। अब सरकारी स्कूलों के शिक्षक और हेडमास्टर सुबह 8 बजे तक अपने स्कूल के पोषक क्षेत्र में घूमेंगे और बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करेंगे। उसके बाद मिशन दक्ष की विशेष कक्षाओं के साथ साथ अन्य विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी। शिक्षा विभाग के आदेश के मुताबिक, अब बच्चों को मिड डे मील सुबह 10-05 बजे परोसा जाएगा। शिक्षा विभाग ने यह निर्देश हर कार्यदिवस को होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिग में दिया गया है।

दरअसल, सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी के बीच हर दिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक विशेष कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। विशेष कक्षाओं के संचालन के बाद बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन भी परोसे जा रहे हैं। वहीं सुबह 11 बजे से प्रत्येक संकुल संसाधन केंद्र पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग होगी। उसमें सभी हेडमास्टर और प्रभारी हेडमास्टर शामिल होंगे। सभी हेडमास्टर और प्रभारी हेडमास्टर रजिस्टर में अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जो हेडमास्टर अनुपस्थित रहें उनके खिलाफ एक्शन भी लिया जाएगा।

# पटना में चाचा-भजीते पर फायरिंग, एक की मौत



**पटना, एजेंसी।** पटना के दानापुर के मनेर थाना क्षेत्र ब्रह्मचारी में शनिवार की देर रात अपराधियों ने बाइक से घर जा रहे चाचा और भतीजा को गोली मार दी। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए पटना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान चाचा की मौत हो गई। वहीं भतीजे की गंभीर स्थिति बनी हुई है। ब्रमचारी पोखर पर निवासी देव कुमार अपने भतीजे बिट्टू कुमार साथ रात 11 बजे के करीब भट्ठा से घर लौट रहे थे। तभी पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर दनादन गोलियां दाग दी। सात की संख्या में रहे अपराधियों ने एक के बाद एक लगभग आधा दर्जन गोलियां चलाईं। जिसमें देव कुमार को दो गोली लग गई। वहीं एक गोली उनके भतीजे बिट्टू को एक गोली लगी।

**देव के भाई की भी हो चुकी है हत्या :** घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सहयोग से दोनों घायल को पटना के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। सूचना पाकर मनेर पुलिस मौके पर पहुंची। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए पटना के आईजीआईएमएस भेज दिया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष देव कुमार के भाई अरुण कुमार की भी अपराधियों ने ब्रह्मचारी में गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# अगले चार दिन झुलसाएगी लू, मौसम विभाग का अलर्ट; शेखपुरा में पारा 44 के पार

**पटना, एजेंसी।** सूरज के तल्ख तेवर से लगभग पूरा बिहार झुलस रहा है। पटना सहित सूबे के 17 जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। इन शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री व इसके पार बना हुआ है। अगले चार दिनों तक इस भीषण गर्मी और लू से राहत के आसार नहीं है। मौसम विभाग ने एक मई तक पटना समेत राज्य के लगभग सभी जिलों में भीषण गर्मी और लू की चेतावनी जारी की है।

साथ ही लोगों को दोपहर में बेवजह घर से बाहर नहीं निकलने और एहतियातन खुद को पानी पीते रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार लगातार पछुआ के प्रवाह से लोग बेहाल हैं। सुबह नौ बजे ही दोपहर जैसी परिस्थितियां बन रही हैं। 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार की वजह से प्रदेश के छह जिलों में हीट वेव के हालात बन गए हैं। शनिवार को शेखपुरा में सर्वाधिक



अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, भागलपुर, खगड़िया, बांका और नवादा में हीट वेव के हालात रहे। लेकिन, पूर्णिया को हीट वेव से निजात मिली है और वहां तापमान में कमी आई है। मौसम के ताजा रुख का अनुमान इसी बात से किया जा सकता है कि कई शहरों का न्यूनतम तापमान 30 डिग्री तक पहुंच गया है। सामान्यत ऐसी गणना अधिकतम तापमान की होती है। रविवार को पटना का न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं भोजपुर में 28.4 डिग्री, औरंगाबाद में 27.4 डिग्री, बक्सर में 27.8 डिग्री, गोपालगंज में 27.3 डिग्री, जीरादेई में 27 डिग्री, मुजफ्फरपुर में 27.5 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान अधिक होने से लोगों को रात में भी राहत नहीं मिल रही है।

### उमस भरी गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

भागलपुर जिले के अकबरनगर में गर्मी के तेवर कम होने का नाम नही ले रहे है। दिन ब दिन बढ़ती गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तीखी धूप ने ऐसा तांडव मचाया है कि लोगों का अपने घरों से बाहर निकलना दूभर हो गया है। तेज धूप होने के कारण हवा भी इतनी गर्म हो गई है कि लोगों ने दोपहर के समय घर से बाहर निकलना बंद कर दिया है। हालांकि शुक्रवार व शनिवार को मौसम गर्म होने के कारण लोग परेशान दिखे। वहीं इलाके के लोग गर्मी से बचने के लिए कूलर, एसी, पंखा का सहारा ले रहे हैं। इस बीच बिजली की आंखमिचौली ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है शनिवार को इलाके में कई घंटों तक बिजली गुल रही। जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उमस भरी गर्मी के कारण लोग पसीने से तर-बतर हो रहे हैं। वहीं रेलवे स्टेशन व ऑटो स्टैंड में बोतलबंद पानी की मांग बढ़ गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार बोर्ड कंपार्टमेंटल परीक्षा कल से शुरू, प्रदेश में बनाए गए 97 परीक्षा केंद्र, 48,386 परीक्षार्थी एग्जाम में होंगे शामिल

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट विशेष व कंपार्टमेंटल परीक्षा कल से शुरू हो रही है। इसके लिए पूरे राज्य में 97 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा 11 मई तक चलेगी। इस परीक्षा में राज्यभर से कुल 48,386 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिसमें से 22,200 छात्राएं और 26,186 छात्र हैं। विशेष परीक्षा में 11,068 और कंपार्टमेंटल की परीक्षा में 37,318 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पटना जिले में 2900 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए जिले में 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पहले परीक्षा भवन में प्रवेश कर लेना अनिवार्य है। बिहार बोर्ड ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि देर से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। प्रथम पाली के परीक्षार्थी को सुबह 9 बजे और दूसरी पाली के परीक्षार्थी को दोपहर 1:30 बजे तक हर हाल में परीक्षा भवन में प्रवेश कर जाना होगा। परीक्षा केंद्र में जूता-मोजा पहनकर आना वर्जित है। केंद्र के अंदर मोबाइल, ब्लूटूथ, इलेक्ट्रानिक गैजेटस, स्मार्ट वाच, ह्वाइटनर एवं इरेजर आदि लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, स्मार्ट घड़ी और मैगनेटिक घड़ी भी नहीं ले जा सकते। परीक्षार्थी सिर्फ सूई वाली घड़ी पहनकर परीक्षा भवन में प्रवेश कर सकते हैं। बोर्ड ने नकल रोकने की पुख्ता व्यवस्था करने को लेकर यह पहल की है। परीक्षा कक्ष में कोई भी परीक्षार्थी के साथ साथ वीक्षक भी मोबाइल नहीं ने जा सकेंगे। परीक्षा समिति ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। नियंत्रण कक्ष 28 अप्रैल से 11 मई तक सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष के नंबर 0612-2232227, 2232257 पर सूचित कर परीक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय गेट पर तलाशी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाएगी और इसके लिए केंद्र पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस बल का उपयोग किया जाएगा।

### इंटर विशेष प्रैक्टिकल एग्जाम का एडमिट कार्ड जारी, 15 और 16 मई को आयोजित होगी परीक्षा, जानें कैसे करें डाउनलोड

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा-2024 के लिए प्रैक्टिकल एग्जाम का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। पंजीकृत परीक्षार्थी बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट seniorsecondary.biharboardonline.com पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। प्रैक्टिकल विषयों की परीक्षा 15 और 16 मई को आयोजित होगी। BSEB की ओर से निर्धारित केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने वाले प्रत्येक परीक्षार्थी को अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा।



इसके आलावा 12वीं की कंपार्टमेंटल और विशेष परीक्षाएं 29 अप्रैल से 11 मई तक आयोजित की जाएंगी। एग्जाम दो पालियों में सुबह 9:30 से दोपहर 12:45 और दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 तक आयोजित की जाएगी।

### महिला सिपाही के शव को परिजनों को सौंपा, घर वाले बोले-नहीं दिया कोई सम्मान

**पटना।** पाल होटल में लगी आग की घटना में छह लोगों की मौत मामले में सभी मृतक की पहचान के बाद शवों को परिजनों के हवाले कर दिया गया। रविवार को मृत महिला सिपाही प्रियंका का शव भी परिजनों के हवाले कर दिया गया। महिला सिपाही के दिव्यांग भाई और परिवार वालों ने कहा बिहार पुलिस ने जाबांज सिपाही को कोई सम्मान तक नहीं दिया। प्रियंका समस्तीपुर के रोसड़ा जेल में पोस्टेड थी। परिजनों का कहना है कि घटना से पहले महिला सिपाही ने परिवार के लोगों से बात की थी। भभुआ से पटना आने के बाद होलट में खाना खाने के दौरान हादसा हुआ और वो उसकी चपेट में आ गई। लेकिन हादसे की जानकारी परिजनों को नहीं मिल पाई। घर वाले समस्तीपुर रोसड़ा जेल से घटना के 10 दिन पहले छुट्टी लेकर भभुआ अपने गांव पहुंची थी। छुट्टी खत्म होने के बाद भभुआ से पटना पहुंची और खाना खाने के दौरान उसका मोबाइल बंद हो गया। इस वजह से घर वालों को इस घटना की जानकारी नहीं मिल पाई। घर वालों ने समस्तीपुर जेल से प्रियंका की जानकारी ली लेकिन वहां वो नहीं पहुंची थी। हालांकि, छानबीन के बाद कोतवाली पुलिस ने समस्तीपुर जेल प्रशासन को इस बात की जानकारी दी। आपको बता दें कि 25 अप्रैल को दिन के 11 बजे के आसपास कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित स्टेशन गोलंबर के समीप पाल होटल में खाना बनाने के दौरान आग लग जाने से छह की दर्दनाक मौत और 12 से अधिक लोग घायल हो गए थे। घायल में दो की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है और अन्य घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।



### पटना में 24 घंटे के अंदर 55 अपराधी गिरफ्तार, अलग-अलग मामलों में थी तलाश

**पटना।** पटना पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न थानों क्षेत्रों में विशेष अभियान चला रही है। इसकी कड़ी में पिछले 24 घंटे के अंदर अलग-अलग मामलों में 55 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर 4.23 लाख का चालान काटा है। पुलिस मुख्यालय के आदेश पर ये कार्रवाई की गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ 7 बाइक, 492 ग्राम ब्राउन शुगर, 180 लीटर विदेशी शराब, 7 मोबाइल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। वहीं, पटना के अलग-अलग चेक पोस्टों पर ट्रैफिक पुलिस ने भी विशेष अभियान चलाया। नियमों की अवहेलना पर 170 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कुल 4.23 लाख का चालान काटा गया है। 35 गाड़ियों को जब्त किया गया है। क्षमता से अधिक यात्रि बैठाने पर 89 ऑटो चालकों से 89 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है।




### सुगौली से चोरी की गयी बाइक इनरवा में जब्त,एक गिरफ्तार


**चाण्क्य भूमि(मैनाटाड़), मैनाटांड़।** इनरवा पुलिस ने विगत पांच साल पहले मोतिहारी के सुगौली स्थित अस्पताल के पास से चोरी की गयी बाइक को वाहन चेकिंग के दौरान शनिवार की देर शाम को बरामद किया है।साथ ही बाइक चोर को भी गिरफ्तार कर लिया है। इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि शनिवार की देर शाम को वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।तभी एक बाइक सवार पुलिस को देख पीछे मुड़कर कर भागना चाहा। लेकिन उसे पकड़ लिया गया। जांच करने पर बाइक चोरी की निकली। विशेष जांच करने पर पता चला कि सुगौली थाना क्षेत्र के नकरदेही निवासी अमिर खान की बाइक सुगौली अस्पताल रोड से वर्ष 2019 के 23 मई को चोरी कर ली गयी थी।बाइक चोरी को ले सुगौली थाना में कांड संख्या 118/19 दर्ज किया गया था। शनिवार की शाम उस चोरी की गयी बाइक के साथ धराया बाइक चोर मैनाटाड़ थाना क्षेत्र के पिपरपाती निवासी रामेश्वर दास है। जिसके विरुद्ध केस दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इनरवा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक सप्ताह में चोरी की गयी दो बाइक सहित दो चोर को पकड़ा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

# दो भाइयों से एक ही दिन में 3.40 लाख रुपए की ठगी

## साइबर अपराधियों ने कम लागत में ज्यादा प्रॉफिट का दिया लालच

एजेंसी, पटना।

पटना के दीघा थाना क्षेत्र के कुर्जी मोड़ मोड़ निवासी सतेंद्र नाथ चौधरी और उनके छोटे भाई जितेंद्र नाथ चौधरी से एक ही दिन में करीब 3.40 लाख रुपए की ठगी हुई है। सतेंद्र सोना कारोबारी के यहां ड्राइवर हैं, जबकि जितेंद्र एलआईसी एजेंट हैं। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना में केस दर्ज हुआ है।



**कम लागत में ज्यादा प्रॉपर्टी का दिया झांसा:** सतेंद्र ने बताया कि 25 अप्रैल को इस नंबर 8764557789 से सुबह के 11 बजे के करीब कॉल आया। फोन करने वाले ने कहा कि आपका नंबर आरा के एक सोना दुकानदार से मिला है। हम लोगों के पास दुबई का सोना आया है। वो सस्ता मिल रहा है। पैसा भी हम लोग किस्त में ले लेंगे।

**पेमेंट करने के बाद से ठग का फोन बंद है:** मुझे सोना के बिस्किट का फोटो भेजा और कहा कि बुकिंग के हिसाब से अमाउंट भेजना होगा। डिलीवरी अगले दिन हो जाएगा। लालच में आकर मैंने 10 बिस्किट का ऑर्डर कर दिया। 40 हजार रुपए पेमेंट के लिए यूपीआई स्कैनर भेजा। ऐसा करते ही मेरे मोबाइल पर दो मैसेज आया। पहले 40 हजार और दूसरा 1.70 लाख कटने का मैसेज मिला। उसके बाद से ही ठग का फोन बंद है।

**जमीन के नाम पर दिया झांसा:** वहीं, दूसरे भाई जितेंद्र ने बताया कि मैंने किसी साइट से पटना में जमीन का रेट लिया था। उसको बाद 25 अप्रैल को एक शख्स ने फोन करके कहा कि बिहटा सरमेरा रोड पर सोसाइटी की जमीन है। किसी विवाद में फंसा हुआ हुआ है। अगर जमीन लेना चाहते हैं तो 40 लाख की जमीन मात्र 7 से 8 लाख में मिल जाएगी।

***ठग ने कहा- 1.30 लाख देकर एग्रीमेंट करा लीजिए:*** ठगों ने जमीन का नक्शा भी भेज दिया और कहा कि एक पार्टी ने इसी प्लॉट के लिए एडवांस 3.70 लाख दिया था। लेकिन अब वह मुकर रहा है। आप 1.30 लाख देकर एग्रीमेंट करा लीजिए। हम आपको लोन दिला देंगे। फिर आप 3.70 लाख लौटा देना। लालच में मैंने आकार उनको पैसा भेज दिया। उसके बाद से मोबाइल नॉट रीचेबल बता रहा है। ठगी का एहसास होने पर साइबर थाना में मामला दर्ज कराया है।

**क्या कहते हैं साइबर थानाध्यक्ष:** इस संबंध में साइबर थानाध्यक्ष राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। दोनों नंबरों के लोकेशन की जांच की जा रही है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर ली जाएगी।

### आग लगने से ट्रैक्टर जला मवेशी की भी जलने से हुई मौत



चाणक्य भूमि बैरिया

बैरिया के लौकरिया पंचायत के बलुवा टोला गांव में अचानक आग लगने से लाखों की संपति जलकर राख हो गई है। जानकारी देते हुए पंचायत समिति सदस्य अभय राव उर्फ दारा सिंह व स्थानीय सरपंच प्रमोद सिंह ने बताया कि इस आग लगी में राजेंद्र राव,दशरथ राव,ननक महतो,छोटेलाल कुमार,मुगल कुमार समेत आधा दर्जन लोग का घर जलकर राख हो गया है। बताया जाता है कि आग कि लपटे दशरथ राव के घर से एका-एक निकलने लगी। देखते ही देखते आग बिकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक सभी संपत्ति जलकर राख हो गई। आग लगने से राजेंद्र राव का मेसी ट्रैक्टर भी राख के ढेर में तब्दील हो गया,ननक महतो का एक बकरी व बिस हजार नगद रुपया जलकर राख हो गया आग लगने से मोटरसाइकिल गहना,कपड़ा,अनाज,बर्तन समेत सब कुछ जलकर राख हो गया। आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची अगिन शामक दास्ता की टीम ने आग पर काबू पाया तब तक सभी संपत्ति जलकर राख हो गई थी।

### शादी के नियत से अपहृत नाबालिक बरामद

**चाणक्य भूमि बैरिया।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शादी के नियत से अपहरण की गई नवालिक लड़की बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते माह नाबालिक लड़की के मां ने पुलिस को आवेदन देकर बताई थी कि मेरी 17 वर्षीय नवालिक लड़की की शादी के नियम से अपहरण कर लिया गया है। मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए अपहरण लड़की को बरामद कर लिया। पुलिस कार्रवाई करते हुए 164 बयान के लिए बेतिया न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

## मुजफ्फरपुर में मधुबनी पेंटिंग से बने प्रोडक्ट की भारी डिमांड

एजेंसी, मुजफ्फरपुर।

मधुबनी पेंटिंग के कलाकार इस लोक सभा चुनाव में काफी खुश हैं। राजनेताओं की पहली पसंद मधुबनी पेंटिंग से बने समान की है। इसको लेकर कलाकार दिन रात डिमांड पूरा करने में लगे हुए हैं। कलाकारों ने बताया कि ऑफ सीजन के बाद भी इस बार अच्छी कमाई हो रही है, जितने भी राजनीति सभाएं हो रही हैं वहां से सभी लोग मधुबनी पेंटिंग से बना सामान मंगा रहे हैं।

**दूसरे राज्यों से भी प्रत्याशी कर रहे हैं संपर्क:** मुजफ्फरपुर की इप्शा पाठक आवरण नाम की संस्था चलाती हैं, जिसमें मिथिला और मधुबनी पेंटिंग के 300 कलाकार काम करते हैं। उनका कहना है कि चुनाव में हमें दो तरह से लोग अप्रोच कर रहे हैं। नेता खुद बनवा रहे हैं या फिर सप्लायर हमें आर्डर दे रहे हैं, जिसमें पार्टी चिन्ह के साथ मिथिला और मधुबनी पेंटिंग की जा रही है।



JDU, RJD, BJP, कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उनसे बताते हैं कि ऐसे प्रोडक्ट से चुनाव प्रचार को परंपरा और संस्कृति से जोड़ने के लिए वोटर से सीधा जुड़ाव हो सकेगा। साथ ही यह लोगों का ध्यान भी खींचेगा। चुनाव में महिलाओं को बड़ा प्लेटफॉर्म मिला है। सोशल मीडिया पर तस्वीरें और जानकारी साझा करने के बाद अब दूसरे राज्यों से भी प्रत्याशी संपर्क कर रहे हैं। इप्सा ने बताया कि शॉल, स्टॉल, गमछा, पाग, साड़ी पर प्रति नग सौ रुपए से पांच सौ रुपए तक की बचत होती है। महिलाओं को इससे अच्छी आमदनी हो रही है।

## चाचा-भजीते पर फायरिंग, एक की मौत, ईंट भट्ठा से लौटने के दौरान 7 बदमाशों ने की गोलीबारी

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर के मनेर थाना क्षेत्र ब्रह्मचारी में शनिवार की देर रात अपराधियों ने बाइक से घर जा रहे चाचा और भतीजा को गोली मार दी। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए पटना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान चाचा की मौत हो गई। वहीं भतीजे की गंभीर स्थिति बनी हुई है। ब्रमचारी पोखर पर निवासी देव कुमार अपने भतीजे बिट्टू कुमार साथ रात 11 बजे के करीब भट्ठा से घर लौट रहे थे। तभी पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर दनादन गोलियां दाग दी। सात की संख्या में रहे अपराधियों ने एक के बाद एक लगभग आधा दर्जन गोलियां चलाईं। जिसमें देव कुमार को दो गोली लग गई। वहीं एक गोली उनके भतीजे बिट्टू को एक गोली लगी।


...भतीजा भर्ती

**देव के भाई की भी हो चुकी है हत्या:** घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सहयोग से दोनों घायल को पटना के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। सूचना पाकर मनेर पुलिस मौके पर पहुंची। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए पटना के आईजीआईएमएस भेज दिया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष देव कुमार के भाई अरुण कुमार की भी अपराधियों ने ब्रह्मचारी में गोली मारकर हत्या कर दी थी।

**FSL की टीम करेगी जांच:** घटना के संबंध में मनेर डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि शनिवार की रात 11 बजे के करीब देव कुमार राय और उनका भतीजा अपने भट्ठे से बाइक से घर जा रहे थे। उसी दरम्यान ब्रह्मचारी मोड़ पर पीछे से अपराधियों ने देव कुमार को गोली मार दी। इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई है। वहीं घायल भतीजा बिट्टू खतरे से बाहर है। जिसका इलाज पटना के निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। मृतक के भतीजे बिट्टू का कहना है कि पूर्व के आपसी रंजिश के कारण घटना को अंजाम दिया गया है। घटनास्थल से एक खोखा बरामद की है। मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया जा रहा है।

### महिला सिपाही से यौन शौषण मामले में खुलासा

## 2023 में ही आरोपी की हुई थी शादी, छुट्टी लेकर हुआ फरार, पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज

एजेंसी, पटना।

पटना में कार्यरत महिला पुलिसकर्मी ने पुरुष सिपाही पर यौन शौषण का आरोप लगाया था। अब इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। आरोपी पहले से ही शादीशुदा है। उसकी शादी 2023 में ही हुई थी। आरोपी सुजीत कुमार बाढ़ अनुमंडल में कार्यरत है। छानबीन में पता चला है कि वो अभी छुट्टी पर है। पुलिस जब उसके कमरे पर पहुंची तो वहां भी नहीं मिला। वहां से भी फरार है।

**घर में शादी जैसा कोई माहौल भी नहीं दिखा:** इस संबंध में बुद्धा कॉलोनी थानाध्यक्ष सदानंद साह ने बताया कि महिला सिपाही के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। पीड़िता ने बताया था कि 26 अप्रैल को सुजीत की शादी होने वाली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उसके घर पर पहुंची थी, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। घर में शादी जैसा कोई माहौल भी




नहीं दिखा

**2023 में ही सुजीत की हो चुकी है शादी:** आसपास के लोगों ने बताया कि सुजीत की शादी 2023 में ही हो चुकी है। उसकी पत्नी भी अपने सास ससुर के साथ यहीं रहती है। 23 अप्रैल को छुट्टी लेकर सुजीत घर आया था। दूसरे दिन परिवार के साथ घूमने निकल गया। उन्होंने आगे कहा कि बाढ़ पुलिस की सुजीत से बात हुई है। उसने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताते हुए कहा है कि अभी छुट्टी पर बाहर है। वापस आकर अपनी बात रखेगा।

**क्या है पूरा मामला:** बता दें, 24 अप्रैल को महिला सिपाही ने बुद्धा कॉलोनी थाने में शादी का झांसा देकर यौन शौषण का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। पीड़िता सुपौल की रहने वाली है, जबकि सुजीत मूल रूप से गया जिले के कोंच थाने के डबूर गांव का रहने वाला है। लिखित आवेदन के आधार पर आईपीसी की धारा 376 के तहत केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि सुजीत के साथ वो दो साल से रिलेशन में थी। शादी की बात करने पर वो टाल देता था। इस बीच पता चला कि वो कहीं और शादी कर रहा है। बात करने पर उसने मेरे से शादी करने से इंकार कर दिया। मेरे परिवार के सदस्य उसके घर भी गए थे, लेकिन वो नहीं मिला।

## हत्या,डकैती सहित कई मामले में फरार 40 अभियुक्त गिरफ्तार

एजेंसी, हाजीपुर।

वैशाली पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय के निर्देश पर चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान में पुलिस ने हत्या,डकैती,अपहरण, हत्या के प्रयास, चोरी के मामले सहित कई कांड में फरार चल रहे 40 अभियुक्त को अलग-अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। जिसे पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी को जेल भेज दिया है। इसके अलावा पुलिस ने शराबबंदी को लेकर चलाया गया विशेष छापेमारी अभियान के दौरान 73 लीटर देसी और विदेशी शराब बरामद की है। जबकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने मामले में पुलिस के द्वारा वाहन चालकों से 99500 हजार जुर्माना वसूला गया। जबकि 7 मामले में फरार चल रहे वारंटी के घर कुर्की की



♦ वैशाली में यातायात नियम उलंघन मामले में 99500 हजार की वसूली

कार्रवाई की गई है। वैशाली पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से 40 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। सभी को आवश्यक कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दी गई है।

## मुजफ्फरपुर में युवक ने साहू पोखर में लगाई छलांग

एजेंसी, मुजफ्फरपुर।

मुजफ्फरपुर के नगर थाना क्षेत्र के साहू पोखर में एक युवक ने छलांग लगा दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मचा गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस और SDRF की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। टीम आधे घंटे से रेस्क्यू कर रही है, लेकिन अभी तक शव बरामद नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक युवक दौड़ते हुए आया और पोखर में छलंग लगा दिया। हमलोग पोखर के पास पहुंचे तब-तक युवक डूब चुका था। हमलोगों ने बांस के सहारे निकालने की कोशिश की, लेकिन युवक नहीं निकल पाया। हमलोगों ने पुलिस और SDRF को टीम को सूचना दिया। टीम आनन-फानन में टीम मौके पर पहुंची और खोजबीन शुरू की।

♦ तलाश में जुटी SDRF की टीम, दो बोट से की जा रही है खोजबीन



**दो बोट से चल रहा है सर्च ऑपरेशन:** SDRF टीम के संजय तिवारी ने बताया कि सूचना मिली की एक युवक पोखर में डूब गया है, जिसके बाद हमलोग टीम के साथ आए हैं। दो बोट से शव की खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन अभी तक शव बरामद नहीं हुआ है।

## लालू बोले-PM मर्यादा तोड़ बोल रहे झूठ

### BJP का जवाब-4 जून के बाद बेल वाले जाएंगे जेल, राजद सुप्रीमो को परिवार के आगे नहीं दिखता

एजेंसी, पटना।

राजद सुप्रीमो लालू यादव ने एक बार फिर पीएम मोदी पर हमला किया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- जो प्रधानमंत्री लोकतांत्रिक मूल्यों, लोकलाज, मर्यादा व पद की गरिमा, त्याग तथा संविधान को दरकिनार कर स्वयं जनता के बीच झूठ, भ्रम और नफरत फैला समाज से न्याय, सौहार्द, बराबरी और भाईचारे को समाप्त कर देश एवं समुदायों में विघटन व विभाजन पैदा करने पर उतारू हो तो ऐसे व्यक्ति को एक क्षण भी पद पर रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। हमारे महान देश एवं न्यायप्रिय समाज ने ना कभी ऐसी विभाजनकारी सोच को बर्दाश्त किया है और ना ही करेगा। यह गांधी, फुले, कलाम, अंबेडकर, लोहिया, जेपी और कर्पूरी का देश है। कुर्सी के लिए इस महान देश एवं बाबा साहेब के संविधान की बलि चढ़ाने की मंशा रखने वाले ऐसे लोगों को जनता इस चुनाव में कड़ा सबक्र सिखाएगी। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के इस बयान पर मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि राजद सुप्रीमो ने कितनी मर्यादाएं तोड़ी हैं, सबको मालूम है। वोट बैंक की खातिर किसी को नहीं छोड़ा है। आज तक परिवार के अलावा किसी को देखा नहीं। इसलिए लालू यादव मर्यादा पर सवाल ना उठाएं।



**4 जून के बाद बेल वाले जाएंगे जेल:** आगे मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि 4 जून को जिस दिन मोदी सरकार फिर से बनेगी, जितने बेल वाले हैं वो जेल जाएंगे। तेजस्वी यादव इससे घबराए और डरे हुए हैं। इसलिए उनका बड़बोलापन दिख रहा है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और तेजस्वी की पत्नी राजश्री के चक्की पीसते वीडियो पर नितिन नवीन ने कहा कि लोगों ने इससे पहले भी कई तस्वीरें देखी हैं। संस्कार है तो अच्छा है। हम लोग चाहते हैं कि बिहार के लोगों में इस तरह के संस्कार हों, लेकिन ये संस्कार उस वक्त कहां गया था, जब भगवान राम का अपमान हो रहा था। उन्होंने कहा कि हिंदू देवी-देवताओं का अपमान किया जा रहा था। उस वक्त मौन थे। टोपी पहनने के लिए परेशान थे। लेकिन जब बहुत खिसकता हुआ नजर आ रहा है तो चक्की पीस रहे हैं। चक्की तो गांधी जी भी पीसे थे उन्होंने समाज को आगे ले जाने का काम किया था। लेकिन लालू परिवार अपने लोगों को बढ़ाने में जुटी है।

# लियो क्लब द्वारा छोटे बच्चो के बीच बांटी गईं शिक्षण सामग्री

चाणक्य भूमि मोतिहारी



गोढवा चौक, मधुबनी रोड स्थित डेवलप कोचिंग सेंटर में ईस्ट चम्पारण लियो क्लब द्वारा इंटरनेशन लियो प्रोजेक्ट शिक्षा 2.0 के अंतर्गत लगभग 93 छोटे छोटे बच्चो को हिंदी राइटिंग और इंग्लिश राइटिंग की किताबे, पेंसिल ,रबर, इंग्लिश हिंदी डिक्शनरी , बिस्कुट और चॉकलेट का वितरण किया गया, साथ ही साथ लियो अंकित प्रकाश और अन्य लियो सदस्यों द्वारा बहुत ही महत्वपूर्ण शिक्षा दी गई जिसमे उन्होंने बच्चो को गर्मियों में अपने आप को सेहत मंद रखते हुए, किस प्रकार हम स्वच्छता बनाए रख सकते है, साथ ही साथ समाज में गुड टच , बैड टच एवम उसके खिलाफ आवाज उठाना, और अपना परिचय देना सिखाया गया । इस प्रोजेक्ट के ऊपर प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लियो शुभम सर्राफ ने अपना विचार रखा की बच्चो में नई विकास की भावना उत्पन्न हो, वो शिक्षा को सरल तरीके से ग्रहण कर सके इसके लिए ही ये आयोजन किया गया है। इस प्रोजेक्ट को महत्वपूर्ण रूप से सफल बनाने में डेवलप कोचिंग संस्थान के संस्थापक विकास कुमार, टीचर रंजन कुमार , टीचर विकास का योगदान रहा।इस प्रोजेक्ट को सुचारू रूप से संचालन करने में क्लब के अध्यक्ष आशुतोष नारायण, सचिव लियो आदित्य जयसवाल, कोषाध्यक्ष अर्जुन सरदार, प्रथम उपाध्यक्ष अभिजीत श्रीवास्तव, दूसरे उपाध्यक्ष लियो आदित्य रंजन, पूर्व अध्यक्ष लियो शुभम गुप्ता, मीडिया प्रभारी लियो शुभम सर्राफ, टेक्निकल प्रभारी लियो रोहन श्रीवास्तव, लियो क्लब के डायरेक्टर लियो राहुल प्रियदर्शी , वरीय सदस्य लियो अंकित प्रकाश, लियो अर्पित प्रकाश, लियो पुष्पम सिंह द्वारा पूरे दृढता पूर्वक प्रोजेक्ट को सफल बनाने का काम किया गया । साथ ही साथ बच्चो को अच्छी शिक्षा, शिष्टाचार एवम बड़ो का सम्मान करना सिखाया गया । बच्चो में खुशी की लहर थी बच्चे बहुत ही उत्साहित थे और उनमें दृढ़ संकल्प दिखा ।

# भारत विकास परिषद ने अग्नि पीड़ितों के बीच राशन वितरण किया



चाणक्य भूमि मोतिहारी

भारत विकास परिषद शाखा शिवम ने अमर ज्योति शहीद पार्क वार्ड 33 राजा बाजार मोतिहारी के पास अग्नि पीड़ितों के बीच 30 बोरा,राशन ,कपड़ा का वितरण किया। साथ ही खाना बनाने का बर्तन , चावल, दाल, मसाला, तेल सदस्य के द्वारा भी दिया गया। प्रांतीय महिला संगठन संयोजक धीर गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। अध्यक्ष डॉ उत्तम कुमार ने बताया कि बेगमपुर वार्ड नंबर 33 में हुए भीषण अग्निकांड एक दर्दनाक हादसा था। इसके लिए मोतिहारी भारत विकास परिषद द्वारा 65 परिवारों की सहायता किया गया है जो की एक मानवता का परिचय है। महिला एवं बाल विकास संयुक्त का शकुंतला शर्मा के नेतृत्व में अनाज आटा,चुरा ,मीठा, कपड़ा आदि अग्नि पीड़ित परिवार को दिया गया । मदद प्रकार अग्नि पीड़ितों के बीच कुछ खुशी तो आई। जहां घर में रखा हुआ सभी सामग्री को आग ने अपने आगोश में ले लिया था। सभी लोग एक-एक दाना के लिए मोहताज थे। जहां जहां मदद से लोगों ने कुछ राहत का सांस लिया। इस आशा की जानकारी भारत विकास परिषद के मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार शर्मा ने दी।















# एस एस बी रक्सौल द्वारा मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन




चाणक्य भूमि सिकटा

47वीं वाहिनी एस एस बी रक्सौल द्वारा सिकटा प्रखंड के शिकारपुर पंचायत खाप परसा गांव में राजकीय माध्यामिक विद्यालय परसा में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया । इस अवसर पर डा० प्रतीक रंजन (जी डी एम ओ) 47वीं वाहिनी, स०सी०ब० रक्सौल के द्वारा ग्राम वासियों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया एवं ग्रामीणों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया साथ ही बी समवाय प्रभारी उत्तम कुमार घोष सहायक कमांडेंट 47वीं वाहिनी की उपस्थिति में ग्रामीणों के मध्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम एवं नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया 1 इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष राजेश सिंह, मिडिया कर्मी,अन्य कार्मिक और ग्रामीण आदि उपस्थित रहे ।

# अग्नि सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

चाण्क्य भूमि मझौलिया

डीएम दिनेश कुमार राय ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि थोड़ी सी सावधानी एवं सतर्कता बरत कर अगलगी की घटनाओं को हम नियंत्रण कर सकते है। उन्होंने जिले में गर्मी के मौसम एवं चल रही तेज पछुआ हवा के कारण अग्नि काण्डों में वृद्धि की संभावनाओं को देखते हुए लोगों से सचेत रहने की अपील जारी की है। उन्होंने कहा कि थोड़ी से चूक से अग्निकाण्ड होने की संभावना बनी रहती है और जानमाल की क्षति होती है। ऐसे मौसम में आम लोगों को सचेत रहने खेत खलिहान एवं घरों में अग्नि सुरक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा को लेकर जानकारी एवं पूर्व तैयारी हो तो आपदा के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि खलिहान को हमेशा गांव की आबादी एवं फसलों से भी दूर खुले स्थान पर लगाएं। लगातार चलाएं जागरूकता अभियान जिलाधिकारी ने कहा कि अग्नि सुरक्षा को लेकर क्या करें एवं क्या नहीं करें आदि को लेकर मॉक ड्रिल, माइकिंग, होर्डिंग, फ्लैक्स, पम्पलेट आदि के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर भी जिला प्रशासन द्वारा अग्नि सुरक्षा को लेकर लगातार प्रचार सामग्री डालने को कहा है। थ्रेसिंग के दौरान रखें ध्यान जारी एडवाइजरी के अनुसार थ्रेसर का उपयेग करते समय डील इंजन या ट्रैक्टर के साइलेंसर को लंबे पाइप के द्वारा ऊँचाई पर रखने को कहा गया है। इस दौरान आसपास छोटी-छोटी बाल्टियों में बालू तथा पानी भरकर रखने का निर्देश दिया गया है। रौशनी के लिए सोलर, लैप, टार्च इमरजेन्सी लाइट आदि बैटरी वाले यंत्र का उपयोग करने का कहा है। खलिहान ऐसी जगह लगाने का निर्देश दिया गया है, जहां अग्निशमन वाहन आसानी से पहुंचे तथा आसपास जल श्रोत हो। खलिहान में कच्ची फसलों का बड़ा टाल नहीं लगाने तथा आसपास अलाव नहीं जलाने का निर्देश दिया गया है। बिजली की नंगी तारों के नीचे खलिहान नहीं बनाने तथा खलिहान में पूजा में उपयोग किये जाने वाले धूप अगरबती दीपक पर ध्यान रखने को कहा गया है। खलिहान के आसपास आतिशबाजी नहीं करने तथा उसके आसपास भी सिगरेट नहीं पीने का निर्देश दिया गया है इसके साथ ही फसल कटने के बाद खेतों में बचे डंठलों में आग नहीं लगाने को कहा गया है। खाना बनाने को लेकर आवश्यक निर्देश एडवाइजरी में रसोइघर को यथासंभव अग्नि रोचक बनाने के लिए उसे बारों तरफ गीली मिट्टी का लेप लगाने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में खासकर फूस एवं खपरैल मकानों के निवासियों को सुबह का खाना 8 बजे से पहले तथा शाम का खाना 5 से 6 बजे के बीच बनाने का निर्देश दिया गया है। दीप, लालटेन व ढ़िबरी आदि के प्रयोग में सावधानी बरतने तथा रसाई घर में मिट्टी तेल सिंथेटिक कपड़ नहीं पहने तथा बालों को खुला नहीं रखने का निर्देश दिया गया है। आग बुझाने के लिए पानी, बालू, सुखी मिट्टी तथा धूल इत्यादि का प्रयोग करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने आपातकालीन सेवा के लिए टोल फ्री नंबर 112 एवं जिला नियंत्रण कक्ष 06254-247002, 8757547904 पर सूचना देने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि अग्निकांडों की सूचना अग्निशमन पदाधिकारी तक शीघ्र पहुंचाएं ताकि अग्निशमन वाहनों का त्वरित कार्रवाई हेतु भेजा जा सके। इसके लिए उन्होने अग्निकाण्ड की सूचना अनुमण्डलवार अग्निकांड की सूचना अनुमण्डलवार अग्निशमन पदाधिकारी के सम्पर्क नंबर को जारी किया है।









# कुश कश्यप के कहने पर बुज़ुर्ग महिला की मदद की प्रतीक ई. शर्मा ने

चाणक्य भूमि बेतिया



**• युवा नेता कुश कश्यप द्वारा बुज़ुर्ग महिला को बीमार और लाचार स्थिति को देखते हुए उसकी मदद की सोची और उस सोच को जमीन पर उतारा भाजपा के युवा नेता और समाजसेवी प्रतीक ई.शर्मा ने**


बेतिया नगर के छावनी निवासी एक बुजुर्ग महिला को बीमार और लाचार स्थिति में देखकर,छात्र और समाजसेवी कुश कश्यप ने काफी निराश होकर उनकी स्थिति का पता लगाया उन्होंने यह जानकारी पाया की बुजुर्ग महिला बीते कई दिनों से बुरी तरह से अस्वस्थ है, 2 बार उन्हें लकवा मार चुका है,और उन्हें व्हीलचेयर की काफी आवश्यकता है, किंतु उनकी परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है,जिस वजह से वो ऐसे ही जीवन गुजारने पर मजबूर हैं उनकी यह स्थिति देखते हुए कुश कश्यप काफी भावुक हुए और उन्हे व्हीलचेयर दिलाने का आश्वासन दिया, कुश कश्यप ने यह जानकारी भाजपा के युवा नेता और समाजसेवी प्रतीक ई.शर्मा को दी जानकारी मिलते ही प्रतीक ई.शर्मा ने 3 दिनों के अंदर अपने निजी कोश से पटना से व्हीलचेयर मंगाया और आज उनके परिजनों को दिया प्रतीक ई. शर्मा ने बताया कि उन्हें एक जरूरतमंद बुजुर्ग महिला की सहायता करने में काफी सुकून मिला, साथ ही कुश कश्यप भी काफी प्रसन्न थे कि उनके कहने पर प्रतीक ई. शर्मा ने बुजुर्ग महिला की सहायता की।

# सरिसवा में सम्पन्न महागठबंधन की बैठक में 06 घटक दल शामिल

चाण्क्य भूमि,बेतिया



रविवार के दिन सरिसवा स्थित एक निजी विद्यालय में महागठबंधन के घटक दलों की बैठक संयुक्त रूप से आयोजित की गई। जिसकी संचालन भाकपा नेता ओमप्रकाश क्रांति ने की। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन 6 घटक दलों के बीच हुआ है और इसके कार्यकर्ता प्रत्येक पंचायत में कम से कम सौ की संख्या में है अगर वे दिल से लग जाए तो गठबंधन का उम्मीदवार जो लोकप्रिय भी है उसका जीत सुनिश्चित है। उन्होंने बताया कि यह चुनाव धनबल व जनबल के बीच का है। उन्होंने बताया कि महागठबंधन द्वारा सोच समझ कर ही एक ऐसे प्रत्याशी को उम्मीदवार बनाया गया है विपक्ष परेशान हो गया है। इस मौके पर कांग्रेस नेता मनोज उपाध्याय ,अब्दुल सत्तार साह, मुखिया आशीष भट्ट ,सुनील कुमार राव,कलीमुल्लाह,सहित सैकड़ो महागठबंधन के कार्यकर्ता इस मौके पर उपस्थित रहे।



# कोचिंग सेंटर में फंदे से लटकता मिला छात्रा का शव



चाणक्य भूमि बैरिया

श्रीनगर थाना क्षेत्र के कोहडा भवानीपुर पंचायत के कोहडा के एक कोचिंग सेन्टर में रविवार के शाम युवती की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मौत के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जाता है युवती का शव कोहडा के लक्ष्य कोचिंग सेंटर में फंदे से लटका हुआ था । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रेम प्रसंग में इसकी हत्या हुई है। मृत छात्रा की पहचान कोहडा के वार्ड नंबर 14 के पुनदेव पटेल के पुत्री चांदनी कुमारी के रूप में हुई है। घटना के सूचना पर पुलिस पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# हरैया ओपी प्रभारी पर पति को गायब करने का आरोप

चाणक्य भूमि मोतिहारी



26 अप्रैल से गायब बबलू पासवान का अभी तक पता नहीं चला है इस मामले में उसकी पत्नी ने हरैया ओपी प्रभारी पर उसे गायब करने का आरोप लगाया है। एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार को दिये आवेदन में जांच कर कार्रवाई करने का गुहार बेबी देवी ने लगाई है। आवेदन में उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को उनके पति बबलू पासवान को हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार ने फोन करके थाना बुलाया था, जिसके बाद वो उनसे मिलने गए और कब से घर नहीं लौटें है। एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आवेदन पर कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा को बबलू पासवान के फोन डिटेल को निकालने को कहा गया है। इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। इस संबंध में हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद है।आपको बता दे कि अगर सूत्रों की बात का विश्वास करे तो गायब बबलू तस्कर है और इधर कुछ दिनों से वो अनुज कुमार के संपर्क में था अब इसकी वजह क्या थी यह तो जाँच के बाद ही सामने आएगी।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714